BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही

दिनांक-27.02.2025

◆थाना चौरी अन्तर्गत ग्राम अनेगपुर स्थित वादी के घर से चोरी करने वाले 02 चोर गिरफ्तार

◆कब्जे से चोरी किया हुआ कटर व ग्लैण्डर मशीन,दो बैट्रा,तीन बैट्री,इंवर्टर व गैस सिलेंडर बरामद

◆आरोपियों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की, की जा रही जांच

दिनांक-20.02.2025 को थाना चौरी क्षेत्र अन्तर्गत वादी मुकदमा श्री चंद्रकांत गौड़ के ग्राम अनेगपुर स्थित घर से इलेक्ट्रॉनिक सामान, कांस्य बर्तन व अन्य घरेलू सामान के चोरी के संबंध में प्राप्त सूचना पर तत्समय ही मु0अ0सं0-30/2025 धारा-303(4),305(क) भा.न्या.सं. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

आज दिनांक-27.02.2025 को थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिरी सुचना के आधार पर उपरोक्त घटना को कारित करने वाले दो चोरों- 1.श्यामबाबू सरोज उर्फ हनुमान उम्र 29 वर्ष पुत्र मुसई सरोज 2.रामविलास सरोज उम्र 21 वर्ष पुत्र सुदामा सरोज निवासीगण अनेगपुर थाना चौरी जनपद भदोही को रेलवे क्रॉसिंग परसीपुर से गिरफ्तार कर कब्जे से कब्जे से चोरी का 01 अदद कटर मशीन, 01 अदद ग्लैण्डर मशीन,02 अदद बड़ी बैट्री,03 अदद छोटी बैट्री,01 अदद इंवर्टर, 01 अदद गैस सिलेंडर व चोरी किये गए बर्तन की बिक्री का खर्च के उपरांत शेष बचा कुल-₹470/- नगद बरामद किया गया है।

पंजीकृत अभियोग में धारा-317/(2) व 317 (5) भा.न्या.सं. की बढ़ोतरी करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता

1.श्यामबाबू सरोज उर्फ हनुमान उम्र 29 वर्ष पुत्र मुसई सरोज

2.रामविलास सरोज उम्र 21 वर्ष पुत्र सुदामा सरोज निवासीगण अनेगपुर थाना चौरी जिला भदोही

बरामदगी

चोरी 01 अदद कटर मशीन, 01 अदद ग्लैण्डर मशीन,02 अदद बड़ी बैट्री,03 अदद छोटी बैट्री,01 अदद इंवर्टर, 01 अदद गैस सिलेंडर व चोरी किये गए बर्तन की बिक्री का खर्च के उपरांत शेष बचा कुल-₹470/- नगद

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

उ0नि0 गौतम कुमार,उ0नि0 महेंद्र कुमार , हे0का0 शिवकुमार यादव,कां चंदन कुमार थाना चौरी जनपद भदोही